महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0 / प0नि0का0 / 2023 / 1925-1932 दिनांकः 27.03.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त अनुदानित / राजकीय / संघटक / स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध एम0जे0पी0रू0वि0, बरेली।

महोदय / महोदया,

विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों, अभिभावकों आदि द्वारा प्रायः इस प्रकार की शिकायत की जाती रही है, कि महाविद्यालयों द्वारा व्यक्तिगत परीक्षा के फार्म के अग्रसारण शुल्क के रूप में विभिन्न अनावश्यक मदों को समाहित करते हुए मनमाना शुल्क लिया जाता है। इस विसंगति को दूर करने हेतु और समस्त महाविद्यालयों के लिए एक समान अग्रसारण शुल्क निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में कुलपति महोदय द्वारा एक समिति का गठन किया गया था जिसकी संस्तुति को स्वीकर करते हुए व्यक्तिगत परीक्षा के आवेदन पत्रों का अग्रसारण शुल्क समस्त मदों को समाहित करते हुए स्नातक स्तर पर रू0 200/- एवं परास्नातक स्तर पर रू0 300/- निर्धारित किया जाता है। ताकि किसी भी महाविद्यालयों द्वारा मनमाना अग्रसारण शुल्क न लिया जा सके। यदि कोई भी महाविद्यालय इससे अधिक शुल्क अग्रसारण के रूप में लेगा तो वह नियमसंगत नहीं होगा।

कृपया उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्त अधिकारी
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)
3. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
4. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय / परीक्षा)
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।

परीक्षा नियंत्रक